# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 51 हजार से अधिक युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, रांची समेत देश के 47 स्थानों पर आयोजित होगा रोजगार मेला।
- पहलगाम नरसंहार के खिलाफ राज्य में विरोध का सिलसिला जारी, केन्द्रीय गृहमंत्री के निर्देश के बाद पाकिस्तानियों को वापस भेजने में जुटा प्रशासन।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का विदेश दौरा जारी, स्पेनिश कंपनियों को झारखंड में निवेश का दिया न्यौता, सहयोग का दिया भरोसा।
- भ्रष्टाचार के खिलाफ रांची और बिलासपुर में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, साउथ ईस्ट सेंट्र्ल रेलवे के चीफ इंजीनियर सहित चार को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार।
- राज्य में आज दोपहर बाद बदलेगा मौसम, मौसम विभाग ने जारी किया तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट, गर्मी से राहत की उम्मीद।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनो के लिये नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। श्री मोदी इस अवसर पर वीडियो कॉंफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप 15वां रोजगार मेला झारखंड की राजधानी रांची समेत देश के 47 स्थानों पर आयोजित हो रहा है।

*****************

पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ रांची समेत राज्यभर में विरोध–प्रदर्शन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। राजनीतिक और सामाजिक समंगठन लगातार सड़क पर उतर कर अपना आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। रांची में कई हिन्दु संगठनों ने आक्रोश मार्च निकाला और सरकार से पाकिस्तान को सबक सिखाने की मांग की।

इधर, राज्य के अन्य हिस्सों में भी पाकिस्तान और आतंकवादियों के खिलाफ आक्रोश दिखायी पड़ रहा है। पाकुड़ में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदर्शन भी किया गया और पाकिस्तान के झंडे जलाये गये। प्रदर्शनकारियों ने उम्मीद जतायी कि आने वाले समय में पाकिस्तान को मुहंतोड़ जवाब दिया जायेगा।

*****************

इस बीच केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने देश के सभी मुख्यमंत्रियों को अपने–अपने राज्य से पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने को कहा है। सभी पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिये गये हैं। गृहमंत्री के निर्देश के बाद झारखंड में पाकिस्तानी नागरिकों की तलाश शुरु कर दी गयी है। सूत्रों के मुताबिक अब तक रांची जिले में चार और जमशेदपुर में पांच पाकिस्तानी नागरिकों के होने की जानकारी प्रशासन को मिली है।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का विदेश दौरा जारी है। श्री सोरेन के नेतृत्व में राज्य के प्रतिनिधिमंडल ने मैड्रिक में स्पेन सरकार के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्यम मंत्रालय के अलावा स्पेनिश चैंबर ऑफ कामर्स और स्पेन इंडिया काउंसिल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की। मुख्यमंत्री ने स्पेनिश कंपनियों को झारखंड में निवेश करने का आमंत्रण दिया। उन्होंने निवेश करने वालों को हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिया।

*****************

वैश्विक कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार आज रोम में सेंट मैरी मेजर बैसिलिका में होगा। अंतिम संस्कार वैटिकन सिटी के सैंट पीटर्स स्क्वॉयर में भारतीय समय के नुसार दिन के डेढ बजे शुरू होगा। दुनिया के विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों और प्रतिनिधियों सहित हजारों लोगों के इसमें उपस्थित रहने की आशा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

*****************

सीबीआई ने भ्रष्टाचार के खिलाफ रांची और बिलासपुर में बड़ी कार्रवाई की है। रिश्वतखोरी के एक मामले में सीबीआई ने रांची और बिलासपुर में छापेमारी कर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य अभियंता विशाल आनंद समेत चार को गिरफ्तार किया है। रांची में विशाल आनंद के भाई कुणाल के पास से 32 लाख रुपए भी बरामद किए गए हैं। इस मामले की जानकारी देते हुए सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि एक निजी कंपनी से रिश्वत लेने के आरोप में मुख्य अभियंता विशाल आनंद के अलावा उनकी ओर से रिश्वत लेने वाले उनके भाई कुणाल, झाझरिया निर्माण लिमिटेड के एमडी सुशील झाझरिया और कंपनी के कर्मचारी मनोज पाठक को गिरफ्तार किया गया है।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिन के 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

*****************

हजारीबाग पुलिस ने अलग–अलग मामलों में छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के सहयोगी जितेंद्र गंझू भी शामिल है। इसके अलावा मादक पदार्थ के तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार ने बताया कि तस्करों के पास से ढाई किलो अफीम भी बरामद की गयी है।

*****************

रामगढ़ जिले में जल संचयन और संरक्षण के प्रति बच्चों को जागरूक और संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*****************

आकाशवाणी ने इंडिया ऑडियो समिट एंड अवाड्र्स 2025 में विभिन्न श्रेणियों में कुल छह पुरस्कार जीते हैं। रेडियो और श्रव्य कार्यक्रम निर्माण में उत्कृष्टता को मान्यता देने वाले पुरस्कार समारोह का कल रात मुंबई में आयोजन किया गया। आकाशवाणी को मिले शीर्ष पुरस्कारों में, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के कार्यक्रम नई सोच नई कहानी–रेडियो जर्नी विद स्मृति ईरानी को रेडियो का सीरीज़ ऑफ द ईयर घोषित किया गया।

*****************

राज्य में आज दोपहर बाद से मौसम में बदलाव की संभावना व्यक्त की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार अगले तीन दिन राज्य के अलग–अलग हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की आशंका है। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है।

*****************

झारखंड की सलीमा टेटे की कप्तानी में भारतीय महिला हॉकी टीम का आस्ट्रेलिया दौरा शुरु हो गया है। आज भारत का मुकाबला आस्ट्रेलिया ए से होगा। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में पांच मैच खेलेगी।

*****************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के सभी मुख्यमंत्रियों से बात करने और पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने के आदेश की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने रेलवे के इंजीनियर समेत चार की गिरफ्तारी की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर लिखता है—नियम विरुद्ध शिक्षकों का वेतन रोक रहे डीइओ, निदेशालय ने दी चेतावनी।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं—मंत्रियों के बंगले तैयार, अब नक्शे के लिए जो दिया, उसमें प्लॉट नंबर ही गलत।

दैनिक जागरण ने लिखा है—छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 42 माओवादी ढेर।

********* समाप्त *********